छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

मार्च/अप्रैल-2022 | वर्ष-19 | अंक - 02



आजादी के 75 वर्षो बाद कारीडोंगरी में पहुची बिजली

जनरेशन कंपनी के विद्युत गृह देशभर में चतुर्थ स्थान पर

श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने संभाला पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का पदभार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्री .एन. के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)



**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग)



**श्री हर्ष गौतम**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(होल्डिंग)



**श्री एस. डी. तेलंग**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | मार्च 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138 70 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2984 70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1624 70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 125 नग |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्र | 5205 सर्किट कि मी | 13451 सर्किट कि मी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1332 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि मी | 23773 सर्किट कि मी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29692 सर्किट कि मी | 204962 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40556 कि .मी | 126448 कि .मी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51314 कि .मी | 217355 कि .मी |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39633 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 493902 |
| एकलबत्ती कनेशन की संख्या(प्रावधिक) | 630389 | 1764411 |




# मुख्यमंत्री ने की ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ऊर्जा विभाग के कार्यों की दिनांक 05 अप्रैल को समीक्षा बैठक ली। बैठकमें विद्युत वितरण कंपनी, पारेषण कंपनी, जनरेशन कंपनी द्वारा प्रदेश में किये जा रहे विद्युत विकास कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में छ. ग. शासन के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्य मंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, पॉवर कंपनीज के चेयरमेन सह सचिव ऊर्जा श्री अंकित आनंद, सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संयुक्त सचिव श्री अनिल टुटेजा, उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया, पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एन.के. बिजौरा, पॉवर वितरण कंपनी के एमडी श्री हर्ष गौतम, पॉवर होल्डिंग कंपनी की एमडी श्रीमती उज्वला बघेल, सहित मुख्यमंत्री सचिवालय के उच्चाधिकारी गण उपस्थित थे।

---

# प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना के लिये खर्च होंगे 12 हजार करोड़



CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

- छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट में हुआ निर्णय
- प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना का होगा विस्तार एवं आधुनिकीकरण

छत्तीसगढ़ में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने 12 हजार करोड़ रूपए खर्च किये जाएंगे। इसके तहत अधोसंरचना के विस्तार एवं आधुनिकीकरण की योजनाओं को लागू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट मीटिंग में प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना के विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु प्रस्तावित आरडीएसएस (रिपेम्ड) योजना को स्वीकृति मिल गई।

राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को सतत् एवं उच्च गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति अंतिम छोर तक उपलब्ध कराने में मदद होगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत, लागत का अधिकतम साठ प्रतिशत केंद्रीय अनुदान के रूप में एवं 10 प्रतिशत अनुदान राज्य द्वारा प्राप्त होगा एवं शेष तीस प्रतिशत राशि वितरण कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृत उपरांत इस योजना को केंद्र की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।योजनान्तर्गत दो चरणों में कार्य किया जाएगें।पहले चरण में विद्युत लाइन एवं उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि,सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्य एवं द्वितीय चरण में विद्युत प्रणाली के आधुनिकीकरण एवं उन्ननयन के कार्य किए जाएगे। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत रुपए 11700 करोड़ की राशि से विद्युत वितरण प्रणाली के विस्तार ,सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण के कार्य किया जाना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत प्रदेश के सभी जिलों में 33 केवी के 346 नए उपकेंद्र,460 उपकेंद्रों में क्षमता वृद्धि,5506 किलोमीटर 33 के वी लाइन , 27822 किलोमीटर 11 के वी लाइन,23992 किलोमीटर निम्नदाब लाइन,20805 नए वितरण ट्रांसफार्मर,के साथ अन्य कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

सी एस पी जी सी एल
CSPGCL

# जनरेशन कंपनी के विद्युत गृह देशभर में रहा चतुर्थ स्थान पर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा विद्युत उत्पादन के मामले में देशभर के 33 स्टेट पॉवर सेक्टर में चतुर्थ स्थान पर होने का गौरव प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के संयंत्रों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 70.40 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर को अर्जित किया है, जबकि देशभर के सभी विद्युत गृहों का औसत पी.एल.एफ. 58.86 प्रतिशत रहा। छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी के नाम दर्ज इस उपलब्धि के लिए मान.मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के.बिजौरा सहित अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए ऐसी उत्कृष्ट कार्यशैली को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्यरत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) ने रिपोर्ट जारी की है जिसके मुताबिक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह (डीएसपीएम) कोरबा पूर्व संयंत्र ने 89.22 प्रतिशत पी.एल.एफ. अर्जित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। डीएसपीएम का देश के सभी (केंद्र, राज्य व निजी उपक्रम) ताप विद्युत गृहों में विद्युत उत्पादन के मामलें में चौथा स्थान रहा।

**बेहतर रख-रखाव से बढ़ी संयंत्रों की उत्पादन क्षमता**

जनरेशन कंपनी ने अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता को बेहतर रखरखाव और क्वालिटी कोल प्रबंधन के जरिये उत्कृष्ट बनाया। कर्मचारियों-अधिकारियों की लगन व कर्मठता से यह उपलब्धि हासिल हुई। इसी क्रम में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह यूनिट क्रमांक 02 ने सर्वकालिक न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत की श्रेणी में भी विशेष उपलब्धि हासिल की है। यूनिट 02 में तेल खपत 0.0427 मि.ली. प्रति यूनिट रहा, जो मान. छग राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित 0.5 मि.ली. प्रति यूनिट से बहुत कम है। इस उपलब्धि से जनरेशन कंपनी को लगभग 10.70 करोड़ रूपये की बचत हुई। डीएसपीएम विद्युत गृह की इकाई क्रमांक 02 ने वर्ष में केवल एकबार ट्रिप हुई जो कि न्यूनतम है और यह भी एक कीर्तिमान है। इसी तरह अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा यूनिट क्रमांक 02 ने सर्वकालिक न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत 0.47 मि.ली. प्रति यूनिट दर्ज की तथा संयुक्त तौर पर सर्वकालिक 0.502 मि.ली. प्रति यूनिट का कीर्तिमान बनाया।



**फोटो: बसंत शाहजीत**, प्रकाशन अधिकारी, मड़वा

# बढ़ती मांग की आपूर्ति करने ट्रांसमिशन कंपनी ने बढ़ाई क्षमता




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी ने बढ़ते लोड की मांगपूर्ति के लिये खेदामारा भिलाई स्थित 400 केवी सब स्टेशन में नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इससे छत्तीसगढ़ को सेंट्रल कोटे से अनुबंध के तरत मिलने वाली बिजली को लेने में आसानी होगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने इस उपलब्धि के लिये ट्रांसमिशन कंपनी की टीम को बधाई दी है। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस. डी. तेलंग के करकमलों से ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से राजधानी रायपुर समेत दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बेमेतरा जिलों में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ होगी। खेदामारा का सब स्टेशन प्रदेश का सबसे पुराना सब स्टेशन है, जहां सीधे कोरबा से बिजली आती है। अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में खेदामारा ही एकमात्र 400 केवी सब स्टेशन था।

CSPTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

वर्तमान में खेदामारा में 315-315 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर हैं। इस तीसरे पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से क्षमता बढ़कर 945 एमवीए हो गई है। गौरतलब है कि प्रदेश में बिजली की मांग 5300 मेगावाट तक पहुंच गई है। प्रदेश में को सेंट्रल पुल से मिलने वाली बिजली की उपलब्धता भी है किन्तु सेंट्रल ग्रिड से बिजली लेने के लिये उच्च क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर की आवश्यकता होती है। वर्तमान में प्रदेश के चार 400 केवी अतिउच्चदाब उपकेंद्रों में इस क्षमता के आठ ट्रांसफार्मर ही थे।

खेदामारा में नौवां अतिउच्चदाब दाब ट्रांसफार्मर लगने से केंद्रीय पॉवर प्लांटों से मिलने वाली बिजली लेने में आसानी होगी। इससे घरेलू के साथ ही औद्योगिक इकाईयों में वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर कम्पनी के मुख्य अभियंता श्री डी. के. चावड़ा, अधीक्षण अभियंता श्री सुनील भुआर्य सहित अभियंता तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बेहतर बिजली सप्लाई के लिये बोरझरा में नया पॉवर ट्रांसफार्मर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी ने 220 के.व्ही. उपकेन्द्र बोरझरा में तीसरा नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इससे राजधानी रायपुर के सभी उपभोक्ताओं सहित औद्योगिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी।




छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने इस उपलब्धि के लिये ट्रांसमिशन कंपनी की टीम को बधाई दी है। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस. डी. तेलंग ने इसे ऊर्जीकृत किया। राजधानी एवं औद्योगिक क्षेत्र में बोरझरा स्थित 220 केवीए उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति होती है। इस उपकेंद्र की क्षमता 509 एमवीए (मेगा वोल्ट एंपीयर) थी। जिसमें 160 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर और स्थापित किया गया है। जिससे इस उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 669 एम. वी. ए. हो गई। इस नए ट्रांसफार्मर के उर्जीकृत होने से बोरझरा एवं उरला औद्योगिक क्षेत्र के करीब 90 हजार निम्न एवं 200 उच्च दाब उपभोक्ताओं के साथ ही साथ रायपुर शहर के घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और भी सुदृढ़ हो गयी है। इस की लागत लगभग 9.26 करोड़ रूपये है।

इस अवसर पर कम्पनी के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता श्री डी. के. चावड़ा, अधीक्षण अभियंता श्री आर.के. तिवारी, श्री पी.पी.सिंह श्री पी. के. गढ़ेवाल, कार्यपालन अभियंता श्री के.के. यादव, श्री डी.के. देवांगन, निर्माण संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री यू. के. यादव एवं अन्य संभाग के सहायक अभियंता तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने संभाला पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का पदभार



▪ होल्डिंग के ट्रांसमिशन कंपनी में विलय के बाद पहली प्रबंध निदेशक

रायपुर | छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुपालन में 4 मई 2022 को श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। राज्य शासन के आदेशानुसार आगामी आदेश पर्यंत उन्हें प्रबंध निदेशक पदस्थ किया है।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के होल्डिंग कंपनी का विलय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में करने का निर्णय लिया है। श्रीमती बघेल विलय के पश्चात् गठित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की पहली प्रबंध निदेशक होंगी। छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार श्रीमती बघेल के शेष प्रभार यथावत रहेंगे। नवपदभार ग्रहण करने के उपरांत श्रीमती बघेल ने राज्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शासन की रीति नीति के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने प्रतिबद्धता व्यक्त की हैं।

ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्रीमती बघेल को पॉवर कंपनीज के उच्चाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# कवर्धा शक्कर कारखाना को 06 मेगावॉट पॉवर संयंत्र हस्तांतरित



कवर्धा | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2007 में 06 मेगावॉट क्षमता का कोजन संयंत्र भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा परिसर में स्थापित किया गया था। वर्तमान में इस कोजन प्लांट का संचालन एवं संधारण शक्कर कारखाना द्वारा किया जा रहा है। पॉवर जनरेशन कंपनी की 75वी उच्चस्तरीय बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में संयंत्र से उत्पादित विद्युत के विक्रय से संयंत्र की अवक्षयित लागत प्राप्त होने के पश्चात् संयंत्र को भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना कवर्धा को 31 मार्च 2022 को हस्तांतरित कर दिया गया है।

उक्त संबंध में किये गये अनुबंध पत्र पर पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा एवं शक्कर उत्पादक कारखाना कवर्धा की ओर से प्रबंध निदेशक श्री बी.के. ठाकुर ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान कंपनी की ओर से कार्यपालक निदेशक संचा-संधा श्री सी.एल. नेताम, अति.मुख्य अभियंता उत्पा. श्री एस.एम. गोरे एवं सहायक अभियंता उत्पा. श्री बलवंत पाटिल उपस्थित थे। कवर्धा प्रवास पर श्री बिजौरा द्वारा शक्कर कारखाना परिसर का भ्रमण कर संयंत्र की तकनीकी जानकारी प्राप्त की गई एवं कारखाना परिसर में पौधा रोपण भी किया गया।

## कर्मशाला संभाग भिलाई में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस




कर्मशाला संभाग भिलाई में कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यपालन अभियंता श्रीमती बरखा दुबे ने सुरक्षा के महत्व के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भी सभी कर्मचारियों को जागरुक रहने को कहा । कार्यक्रम मे कल्याण अधिकारी श्री टी.पी. शर्मा; सहायक अभियंता श्री आकाश सिन्हा उपस्थित थे।

## कार्यशाला में दी सुरक्षा संबंधी जानकारी

बिलासपुर | पोडीमार जोन नगर संभाग कोरबा के 33/11 केव्ही उपकेन्द्र एवं कार्यालय में तकनीकी कर्मचारियों के लिए दुर्घटना रहित कार्यशैली विषय पर केन्द्रित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल के निर्देशन में किया गया । किया गया । आयोजन का उद्देश्य कार्य स्थल मे शून्य दुर्घटना प्राप्त करना है । तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों से अवगत करना व कर्मचारियों को सुरक्षा मानको का पालन करने सजग बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप कश्यप ने सुरक्षा मानकों का पालन करने, एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करने, सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज रॉड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के साथ ही सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करने एवं खराब होने पर उन्हे तत्काल बदलने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्री रमेश सिंह बिसेन कनिष्ठ अभियंता श्री महेन्द्र कुमार साहू, श्री संदीप लकरा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कार्यपालक निदेशक की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (सिविल) श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति उपरान्त विद्युत सेवाभवन डंगनिया मुख्यालय में 31 मार्च को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीकात्मक भेंट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सेवानिवृत्त हो रहे दीर्घ अनुभवी अभियंता के कार्यों से प्रेरणा लेकर समस्त अभियंता पॉवर कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर बने रहेंगे। लगभग 39 वर्षीय सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों / कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री श्रीवास्तव ने अपना कार्य अनुभव साझा किये। इस अवसर पर उपस्थित प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन. के बिजौरा, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री हर्ष गौतम, प्रबंध निदेशक (होल्डिंग) श्रीमती उज्ज्वला बघेल प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग) श्री राजेश वर्मा सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने सेवानिवृत्त ईडी को शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री गोविंद पटेल ने किया।

सेवानिवृत्त ईडी श्री श्रीवास्तव द्वारा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में महती भूमिका का निर्वहन किया गया है। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में सिविल संकाय की महती जिम्मेदारी निभाते हुए वे पॉवर वितरण कंपनी का भी दायित्व संभाल रहे थे।

# आजादी के 75 वर्षों बाद वन ग्राम कारीडोंगरी में पहुंची बिजली

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास का नया अध्याय जुड़ गया। वर्षों से उपेक्षित वनांचल के गांवों के समुचित विकास को भी प्राथमिकता दी गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों को भी सुविधा संपन्न बनाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 25 किमी दूर ग्राम पंचायत मरदाकला के आश्रित ग्राम कारीडोंगरी मे पहली बार बिजली की रोशनी पहुंची तो नवरात्रि के प्रथम दिन ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर गांव में बिजली आने की खुशिया मनाई।

इस बार चैत्र नवरात्रि आदिवासी बाहुल्य ग्राम कारीडोंगरी के ग्रामीणों के लिए यादगार रहा। यहां गांव में पहली बार बिजली पहुंची है। लालटेन की टिमटिमाती रोशनी के बजाय अब घर




के बल्ब की दुधिया रोशनी से जगमगा उठा है।

ग्राम पंचायत मरदाकला के आश्रित ग्राम कारीडोंगरी की जनसंख्या महज 250 है। यह गांव बीहड़ जंगल में बसा हुआ है। आज भी इस गांव मे पहुंचने के लिए जंगली रास्तों से होकर जाना पड़ता है। यहां के ग्रामीणों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद गांव मे बिजली लगाने की लगातार मांग की जा रही थी। इस दिशा में कोशिशों के बावजूद भी गांव में बिजली नहीं पहुच पाई थी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के संज्ञान में आते ही इस दिशा में ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये। इस दिशा में त्वरित कार्यवाही की गई। फलस्वरूप 6 माह पहले प्रारंभ किये गये विद्युत स्थापना के कार्य में गति आई और इस वर्ष गांव में बिजली पहुंच गई। गांव की गलियों में बिजली के पोल लगने एवं घरों में कनेक्शन होने के कारण गांव में खुशी माहौल है।

ग्रामीण सर्वश्री यशवंत यादव, हुमन नागेश, नूतन मरकाम, नेपाल सोरी, बलिराम नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार ने महज छः माह के भीतर इस दुर्गम जंगल के अंदर बसे गांव में बिजली पहुंचाई है, यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। गांव में अब बिजली पहुंच जाने से गांव मे ट्यूबवेल की सुविधा भी मिलने लगेगी। साथ ही स्कूली बच्चे आसानी से रात मे पढ़ाई कर सकेंगे। पूरे गांववासियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रिकार्ड समय में खड़े किये 4 टन वजनी 90 फीट के बिजली टावर




दुर्गम वन क्षेत्र में पेड़ गिरने से दो विशाल ट्रांसमिशन टावर के क्षतिग्रस्त होने से लगभग 100 गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित थी, जिसे रिकार्ड 56 घंटे के भीतर दुरुस्त कर लिया गया। मुश्किल परिस्थितियों में 4-4 टन भारी लोहे के 90 फीट ट्रांसमिशन के दो टावर खड़ा करना एक कठिन चुनौती थी, जिसे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर पूरा कर 1 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बहाल करने में सफलता प्राप्त की।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी और इस कठिन चुनौती को समय से पूर्व पूरा करने के लिए उनकी प्रशंसा की है। पखांजूर-भानप्रतापपुर 132 केवीए अतिउच्चदाब (ईएचटी) की 66 किलोमीटर लंबी लाइन जंगलों से होकर गुजरती है।

29 मार्च को दुर्गकोंदल-बड़गाम के बीच में भुसकी कैंप के पास जंगल में आग लगने के कारण 60 फीट ऊंचा साल का वृक्ष 132 केवीए ईएचटी लाइन पर गिर गया, जिससे लाइन के साथ दो विशाल टावर गिर गए। इससे पखांजूर, दुर्गकोंदल और भानुप्रतापुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए 33 केवीए लाइन से तत्काल कुछ क्षेत्रों पहले विद्युत आपूर्ति शुरु की गई। इसके पश्चात् ट्रांसमिशन कंपनी की भिलाई कर्मशाला से 4-4 टन के दो विशाल ट्रांसमिशन टावर खड़ा करने सामग्री रवाना की गई। यह कार्य कठिन इसलिए भी था क्योंकि जंगल के बीच में गिरे हुए टावर को हटाकर फिर से दो नए टावर खड़े करने थे। इस कार्य में जगदलपुर (संधारण संभाग) सहित भिलाई की टीम लगातार दिन-रात जुटी रही। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसडी तेलंग ने भी मौके पर पहुंचकर दिशा निर्देश दिए। आखिरकार 56 घंटे के भीतर दो विशाल टावर खड़ा कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई ।

इस कार्य में ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (निर्माण एवं लाइन संधारण) श्री कैलाश नारनवरे, भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री पीपी सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री बीआर नाग जगदलपुर, श्री एसके उइके भिलाई, सहायक अभियंता गरिमा नेताम, एसपी मंडावी तथा डीके साहू की विशेष भूमिका रही।

# बंद पड़ी प्लेट शियरिंग मशीन को चालू करने में मिली कामयाबी

छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी भिलाई-3 स्थित वर्कशॉप में 15 साल से खराब पड़ी प्लेट शियरिंग मशीन को यहाँ पदस्थ अभियंताओं ने पुनः चालू कर अपनी तकनीकी कला कौशल का उम्दा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस मशीन के दोबारा शुरु होने से अब समय, श्रम और धन की बचत होगी ।

सन् 1983 में 60 लाख रूपये की लागत से खरीदी गई इस मशीन से बिजली टॉवर निर्माण के लिए स्ट्रक्चर में लगने वाले एमएस प्लेट की कटिंग होती हैं। छह माह की कठिन मशक्कत और आंतरिक संसाधनों की मदद से इस मशीन को रिपेयर किया गया है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर पारेषण कंपनी का भिलाई-3 में प्रदेश का एक मात्र कर्मशाला संभाग (वर्कशॉप) स्थित है। इस वर्कशॉप मे बिजली के उच्च क्षमता 400, 220, एवं 132 केव्ही लाइन के लिए टावर के स्ट्रक्चर का निर्माण होता है। यहां पर टावर के स्ट्रक्चर को टुकड़े-टुकड़े में बनाया जाता है, जिसे बाद में टावर लगाने वाले स्थान पर ले जाकर असेंबल किया जाता है। इस स्ट्रक्चर निर्माण के दौरान ही एमएस प्लेट भी लगाया जाता है।

इस प्लेट को विभिन्न आकार में काटने सन 1983 में भारत मे ही निर्मित प्लेट शियरिंग मशीन इस वर्कशॉप में लगाई गई थी। करीब 2005 में इस मशीन में तकनीकी खराबी आनी शुरु हो गई।

कई बार सुधार के बाद एक -दो साल इस मशीन से और काम लिया जा सका। इसके बाद से मशीन पूरी तरह से बंद पड़ी थी। ट्रायल के बाद पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसडी तेलंग ने 08 अप्रेल को इस मशीन का शुभारंभ किया।




## इंजीनियरों ने ली चुनौती

पूर्व में मशीन सुधार हेतु कई बार प्रयास किए गए थे परंतु असफलता ही हाथ लगी, और मशीन से कार्य नही लिया जा सका। बीते साल अगस्त में कंपनी के प्रबंधन निर्देश पर कंपनी के ही इंजीनियरों ने इसे चुनौती के रूप में लिया। कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे एवं अधीक्षण अभियंता श्री पीपी सिंह के मार्गदर्शन में वर्कशॉप के कार्यपालन अभियंता श्रीमती बरखा दुबे, एई श्री आकाश सिन्हा विभागीय कर्मचारियों ने मिलकर कवायद शुरू की।

## बिजली कंपनी को फायदा

इस मशीन के बंद होने के बाद प्लेट की कटाई गैस कटर के माध्यम से की जाती रही। इसमें समय और श्रम दोनों ही ज्यादा लग रहा था साथ ही गैस का खर्च भी अलग लगा। बावजूद प्लेट कटिंग में फिनिशिंग नही आ रही थी। इस मशीन के दोबारा शुरू होने से अब प्लेट कटिंग आसानी से और बेहद कम समय में होगी साथ ही बिजली चलित इस मशीन के पुनः संचालन होने से समय श्रम एवं धन की भी बचत होगी।

# राज्य में दर्ज की गई 5300 मेगावाट की रिकार्ड विद्युत मांग




वर्तमान ग्रीष्म काल में सर्वाधिक लोड का रिकार्ड 05 अप्रैल को दर्ज हुआ जिसमें बीते वर्ष की अधिकतम रिकार्ड लोड 5057 मेगावाट से बढ़कर 5298 मेगावाट दर्ज हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड ने भी उपभोक्ता की अधिकतम विद्युत माँग की आपूर्ति का रिकार्ड दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ में पहली बार उपभोक्ताओं की विद्युत मांग 5300 मेगावाट के रिकार्ड स्तर तक पहुंची है। वितरण कम्पनी ने यह उपलब्धी स्वंय के अनुबंधित स्त्रोतों एवं पॉवर एक्सचेंज के सम्मिलित स्त्रोतों से अर्जित की है। पॉवर कम्पनी ने अपने बेहतर प्रबंधन से इस रिकार्ड विद्युत मांग की आपूर्ति बिना लोडशेडिंग के प्राप्त की है। पॉवर कम्पनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने बताया कि कम्पनी बढ़ती मांग पर नजर बनाये हुए है। गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोड वृद्धि की संभावना के तकनीकी समाधान हेतु डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा इस वर्ष 74 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर एवं 45 पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गई है, साथ ही नये 11 पॉवर सबस्टेशन के कार्य को पूर्ण किया जा चुका है। विगत अगस्त 2021 में अल्प वर्षा की स्थिति निर्मित होने पर अधिकतम मांग 4900 मेगावाट तक पहुंच गयी थी। मार्च.अप्रैल की स्थिति में विद्युत मांग के 5300 मेगावाट तक पहुंच जाने से भविष्य में पीक डिमांड बढ़ने की संभावना है जिसके लिए पॉवर कम्पनी ने तैयारियां कर ली है। विदित हो कि प्रदेश में 59 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के साथ कृषि, औद्योगिक सहित व्यवसायिक उपभोक्ताओं को पॉवर कम्पनी अबाधित विद्युत आपूर्ति करने में सफल रही है।

## 33 के. व्ही. नई लाइन से 25 गांव होंगे लाभान्वित



विद्युत कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नया आयाम जोड़ते हुए पाटन के 33/11 के.व्ही सबस्टेशन बेल्हारी से गातापार तक 5.7 किलोमीटर नई 11 के.व्ही. पंप लाइन खींचकर 08 मार्च को मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर के दारा ऊर्जीकृत किया गया। अटल ज्योति योजना 11 के.व्ही. पंप फीडर गातापार के उर्जीकरण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती. सहायक अभिंयता कु. मनीषा साहू एवं श्री भूपेश वर्मा, कनिष्ठ अभियंता श्री कमलेश कुमार साहू, श्री कमल देशमुख एवं श्री हेमंत देशमुख उपस्थित थे।

## चरोदा एवं सोमनी में पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



दुर्ग क्षेत्र द्वारा भिलाई-चरोदा जोन स्थित 33/11 के.व्ही.उपकेंद्र चरोदा एवं सोमनी में 34 लाख रुपए की लागत एक-एक नग 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उर्जीकृत किया गया है, जिससे उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले लगभग 20 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। दोनों उपकेंद्रों में एक-एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है। अधीक्षण अभियंता श्री तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री एस.के.मिश्रा एवं श्री व्ही.के.डहरिया, सहायक अभियंता श्री प्रकाश कुमार वर्मा एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# दुर्ग | रानीतरई वितरण केंद्र के 16 गांवों को मिली सौगात



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र में पॉवर कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नया आयाम जोड़ा गया। लगभग 85 लाख 54 हजार की लागत से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रानीतराई से केसरा तक नई 33 के.व्ही. लाइन खींचकर 16 मार्च 2022 को चार्ज किया गया । 10.05 किलोमीटर नई 33 के.व्ही. लाइन लगभग 85 लाख 54 हजार की लागत से खींचा गया । इस कार्य से रानीतरई वितरण केंद्र के 16 ग्रामों के 5200 घरेलू उपभोक्ताओं एवं 1074 पंप उपभोक्ताओं को लाभ होगा, साथ ही 500 के.व्ही.ए. के सिंचाई पंपों हेतु लिफ्ट इरिगेशन के कनेक्शन को भी निर्बाध रुप से उच्च गुणवत्ता के विद्युत प्रदान की जा सकेगी। इस कार्य को लक्षित समय पर पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री ए.के.गौराहा एवं श्री एस.आर. बांधे ने कार्यपालन अभियंता द्वय श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती एवं श्री पी.के.शर्मा, सहायक अभियंता श्री जलालुद्दीन एवं उनकी टीम को बधाई दी ।

---

## 2000 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र में 14 लाख 70 हजार रुपए की लागत से 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन सोमनी से गनियारी (औंधी बस्ती फीडर) तक 2.5 किलोमीटर नई 11 के.व्ही लाइन खींची गई तथा 11 के.व्ही पुरैना फीडर की लंबाई लगभग 700 मीटर बढ़ाया गया। उक्त दोनों 11 के.व्ही फीडरों को मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की उपस्थिति में चार्ज किया गया । इस कार्य को लक्षित समय पर पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर.बांधे, श्री ए.के.गौराहा एवं श्री तरुण कुमार ठाकुर ने कार्यपालन अभियंता व्ही.के.डहरिया, सहायक अभियंता श्री टी.एन. बिजू, श्री प्रकाश वर्मा एवं श्री पी.के.पलसोकर सहित उनकी टीम को बधाई दी।

## 14 लाख रुपए की लागत से 600 मीटर नई विद्युत फीडर चार्ज



**दुर्ग** | पॉवर कंपनी द्वारा विद्युत की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए नित नये कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में दुर्ग शहर संभाग के उपकेन्द्र आर्यनगर से इंदिरा मार्केट तक लगभग 14 लाख रुपए की लागत से 600 मीटर नई 11 के.व्ही. लाइन खींची गई । नये 11 के.व्ही.विद्युत फीडर चार्ज होने से संतरा बाड़ी, शंकर नगर, स्टेशन रोड, आर्य नगर एवं अग्रसेन चौक के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उक्त 11 के.व्ही फीडर को मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की उपस्थिति में चार्ज किया गया। कार्यपालन अभियंता सर्वश्री सतीश वर्मा एवं एस.के.मिश्रा, सहायक अभियंता सर्वश्री टी.एन.बिजू, पी.के.पलसोकर एवं राजेन्द्र गिरी गोस्वामी सहित टीम को बधाई।

## 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र द्वारा विभागीय षहर संभाग भिलाई पूर्व के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) इंजीनियरिंग पार्क में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उर्जीकृत किया गया है, मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर ने बताया कि  उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 78 औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता बढ़ गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है। उक्त कार्य लगभग 13 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। पॉवर ट्रांसफार्मर को श्री एम.जामुलकर एवं अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त श्री तरुण कुमार ठाकुर की उपस्थिति में चार्ज किया गया।

## बिलासपुर | 15000 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में इंदू चौक में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लागत रूपये 36 लाख को उर्जीकृत किया गया। अब नगर संभाग नेहरू नगर के अंतर्गत इंदू चौक उपकेन्द्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8.15 एम.व्ही.ए. हो गयी है।



विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से इंदू चौक उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने नगर वृत्त बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता श्री वाय. के.मनहर कार्यपालन अभियंताद्वय श्री सुरेश जांगड़े, श्रीमती तृप्ति जांगड़े सहायक अभियंता श्रीमती संचारी सिंह, श्रीमती हेमलता देवांगन एवं एस.टी.एम. व मेंटेनेंस टीम की सराहना की है।

## बिलासपुर | सावतपुर उपकेन्द्र की क्षमता बढ़कर हुई 5 एमव्हीए

मुंगेली संभाग के अन्तर्गत लोरमी उपसंभाग के सावतपुर (लालपुर) 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करते हुए 5 एमव्हीए किया गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से सावतपुर उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

उपकेन्द्र में स्थापित ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से 35 ग्रामों के लगभग 15 से 16 हजार विद्युत उपभोक्ताओं एवं कृषकों को रबी सीजन में होने वाली ओवरलोडिंग की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी साथ ही साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ भी मिलेगा।



इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बिलासपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री एस.के.दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री राजेश चौहान, सहायक अभियंता श्री भूपेश साहू, कनिष्ठ अभियंता श्री व्ही.एल.देवांगन, श्री अरूण साहू एवं एस.टी.एम. व संचा./संधा. टीम की सराहना की है।

## राजनांदगांव | 61 ग्रामों के उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की बिजली

पंडरिया संभाग के अन्तर्गत बोड़ला उपसंभाग के ग्राम बैजलपुर एवं मड़मड़ा में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों में 3.15-3.15 एम.व्ही.ए.के पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता आवर्धन करते हुए क्रमशः 5-5 एम.व्ही.ए. कर ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार ग्राम बैजलपुर एवं मड़मड़ा उपकेन्द्रों की क्षमता 3.15-3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 5-5 एम.व्ही.ए. हो गया है।

बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बैजलपुर एवं मड़मड़ा उपकेन्द्रों के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री आर. एन. याहके ने बताया कि ग्राम बैजलपुर एवं मड़मड़ा में उपभोक्ताओं एवं कृषकों को खरीफ सीजन में होने वाली ओवरलोडिंग की समस्याओं का निराकरण सहित उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।



इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ने कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. सिंह, श्री एन.के. गुरूपंचायन, श्री एच.पी. गुप्ता, सहायक अभियंता श्री यु.के. घृतलहरे, श्री प्रशांत पांसे, श्री मनीष कुमार साहू, कनिष्ठ अभियंता श्री समीर कुमार नियोगी और उनकी टीम को बधाई दी है।

# कोरबा पूर्व. | रंगोली, सलाद सजाकर की रचनात्मकता की अभिव्यक्ति




प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता नायक थी। श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती सोनिया बघेल की अध्यक्षता में महिला दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

इस अवसर पर रंगोली, सलाद सज्जा, केक की प्रस्तुति दी गई । जिसे श्रीमती निवेदिता बंजारा श्रीमती सोनिया बघेल ने सुन्दर वेषभूषा के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम तांडव नृत्य, सरस्वती वंदना, नाटक एवं गीतों की प्रस्तुति महिलाओं द्वारा दी गई। छत्तीसगढी नृत्य "लहर गंगा ले ले लेते" ने उपस्थित सभी मंचस्थ अतिथियों का मन मोह लिया।

प्रेरणा महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती नमिता पैकरा, श्रीमती अंजना कुजुर, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती राजेश्वरी रावत, श्रीमती अलका शर्मा सचिव श्रीमती अनु सरना, प्रतिमा चतुर्वेदी, स्नेहा राय, सुमित्रा साहू, सरस्वती नामदेव, रेणुका साहू, स्मिता शर्मा, प्राची नामदेव एवं समस्त प्रेरणा महिला मंडल की सदस्या उपस्थित थी। इस कार्यक्रम को विशेष यादगार बनाने हेतु सभी अतिथियों एवं सदस्यों को बैच और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्राची नामदेव एवं स्मिता शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## आकृति महिला मंडल ने बांटे फल कपड़े




**मड़वा** | आकृति महिला मंडल द्वारा ग्राम खोखरा स्थित वृद्धाश्रम एवं आवासीय कॉलोनी की श्रमिक जरूरतमंद महिलाओं के बीच सहायता पहुंचाई गई । उन्होंने जरूरतमंदों को रोजमर्रा के कपड़े और फल-बिस्कट वितरित किए। इसके अलावा आवासीय कॉलोनी में सिविल विभाग में कार्यरत ठेका श्रमिक गरीब महिलाओं को शॉल भेंट की गई। आकृति महिला मंडल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसमें महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि कोसरिया एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता जांगड़े, श्रीमती अर्निका लकरा, श्रीमती नीना तिवारी, श्रीमती कमला सिंह व श्रीमती चारू देवांगन शामिल थी।

## कोरबा होली मिलन समारोह का आयोजन



**कोरबा पश्चिम** | श्रम कल्याण केंद्र प्रतिज्ञा महिला मंडल द्वारा संचालित कोरबा पश्चिम का होली मिलन समारोह हुआ। इसमें एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सोमा ठाकुर द्वारा सभी को होली मिलन पर बधाइयां दी गई और कहा कि सभी को आपस में मनमुटाव एवं रंजिश भावना को छोड़कर मेल मिलाप के साथ रहना ही होली के त्यौहार का संदेश है।

सचिव श्रीमती वंदना साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण जैस, उपाध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह, संगठन सचिव श्रीमती विमलेश सिंह, सहसचिव आशा विश्वकर्मा, कीड़ा सचिव श्रीमती ज्ञानेश्वरी जयसवाल, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती अनसुइया साहू उपस्थित थी।

# शख्सियत | विद्युत सेवा के साथ खेल प्रतिभा के धनी श्री रूपकुमार टिकरिहा



**श्री आरके टिकरिहा**
मुख्य अभियंता (सिविल)
जनरेशन कंपनी

विद्युत विकास सेवा के साथ खेल प्रतिभा के रूप में पहचाने जाने वाले श्री रूपकुमार टिकरिहा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में मुख्य अभियंता(राखड़ प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण) का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। लगभग 39 साल की सेवा आपने पॉवर कंपनी में दी है। आपका जन्म रायपुर जिले के महूद्वा गांव में 1960 को 1 जुलाई 1960 को हुआ। आपकी माता श्रीमती पूर्णिमादेवी टिकरिहा एवं पिता श्री योगानन्द टिकरिहा से जीवन के मूल्यों एवं संस्कारों के साथ आपका बचपन बीता। भिलाई स्टील प्लांट के भिलाई विद्यालय सेक्टर.2 से आपने उच्च स्कूली शिक्षा ग्रहण की। उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए आपको पिता ने पढ़ाई के लिए रायपुर भेजा। वहां आपने बाबाजी श्री सेवाराम टिकरिहा के कड़े अनुशासन और कठिन जीवनशैली के बीच रायपुर इंजीनियरिंग कालेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। उस समय संयुक्त परिवार के ही सभी बच्चे मिलकर शहर में रहते और स्वयं अपनी की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए विद्या अध्ययन करते थे। बीई सिविल की डिग्री हासिल करने के पश्चात् 15 अप्रैल 1983 से ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से अपने नौकरी की शुरूआत की। इस दौरान आपने मध्यप्रदेश के रायगढ़ सिरमौर रतलाम और मुरैना में ट्रेनिंग पूरी की। 1984 में आपको सहायक अभियंता के पद पर नियमित करते हुए बस्तर के बोधघाट परियोजना में पदस्थ किया गया। आपने इस पद पर बारसूर, जगदलपुर, अंबिकापुर, शिवपुरी, कोरबा पश्चिम और रायपुर में सेवाएं दीं। 2008 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर रायपुर में पदस्थ किया गया। 2017 में आपको कोरबा पश्चिम हसदेव ताप विद्युत गृह स्थानांतरित कर आपको अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी दी गई। आपकी लगन और परिश्रम को देखते हुए 2019 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया। कंपनी प्रबंधन ने वर्ष 2021 में आपको नई जिम्मेदारी दी और आपको मुख्य अभियंता (राखड़ प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण) बनाया गया। यहां आपके समक्ष कठिन चुनौती थी। आपको नए सेटअप तैयार करके कार्य को अंजाम देना था साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार राखड़ प्रबंधन के कार्य को त्वरित गति से निष्पादित करना था। आपने इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। इस कार्य में आपको कंपनी प्रबंधन का विशेष सहयोग मिला। आपकी विशेष अभिरूचि खेल के प्रति भी है। वैसे आपके परिवार में पढ़ाई के प्रति विशेष जागरूकता रही, जिसके कारण आपने स्कूलिंग के दौरान खेलकूद का अवसर नहीं मिला। सेवा में आने के लगभग 12 साल बाद आपने खेल में रूचि लेनी शुरू की। 1995 में 35 वर्ष की उम्र में पहली बार फुटबाल मैदान में उतरे और आपकी अभिरूचि बढ़ती गई। आपकी कप्तानी में टीम रीवां अंतरक्षेत्रीय स्पर्धा में भाग लेने गई। इसके बाद आपने हॉकी जैसे खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। आपकी पत्नी श्रीमती ममता टिकरिहा गृहणी हैं। आपके पुत्र अश्विन टिकरिहा बी.काम करने के पश्चात् सिविल कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। आपकी बिटिया अवनिका टिकरिहा कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री अर्जित कर निजी क्षेत्र में सेवारत हैं।

## जीवन का सर्वोत्तम सुख निरोगी काया



**रायपुर** | छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्नायु एवं तंत्रिका रोग तथा पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरोगी काया जीवन का सर्वोत्तम सुख है। इसके लिए हमें शारीरिक सक्रियता एवं सतर्कता बनाए रखनी चाहिए। डंगनिया स्थित औषाधालय में आयोजित शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एच एल पंचारी ने बताया कि शिविर में श्री नारायणा हॉस्पिटल से स्नायु एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉ. सी. एस. साहू तथा पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ भाविक शाह ने सेवाएं दी। इसमें 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श लिया। चिकित्सकों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

## लेखा प्रशिक्षण के प्रतिभागी सम्मानित



**मड़वा** | पीजीटीआई कोरबा पूर्व में फरवरी माह में लेखा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के अति. मुख्य अभियंता (फ्यूल मैनेजमेंट) के कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्री बलराम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। समापन समारोह में पीजीटीआई कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता श्री पंकज कोले के हाथों विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। लेखा प्रशिक्षण में पहला स्थान श्री राजेश कुमार राठौर एवं दूसरा स्थान श्री अखिलेश साहू ने प्राप्त किया है। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता श्री पीपी कूजूर, श्री अतुल तिर्की, सहायक अभियंता श्री सुधीर श्रीवास्तव, सुश्री वंदना बरेठ, सुश्री हेमलता कांत उपस्थित रहे।

# पॉवर कंपनी की महिला विशेषांक पत्रिका संकल्प का विमोचन




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी अधीनस्थ जनसम्पर्क विभाग द्वारा नव प्रकाशित महिला विशेषांक पत्रिका संकल्प का विमोचन प्रबंध निदेशक (होल्डिंग कंपनी) श्रीमती उज्जवला बघेल एवं प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन.के. बिजौरा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बघेल ने समस्त महिला कर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि पॉवर कंपनीज के सुचारू संचालन में महिला कर्मियों की उल्लेखनीय भूमिका रही है। इस संस्थान में कार्यरत महिला कर्मी परिवार संग कार्यालयीन दायित्वों का निवर्हन कुशलतापूर्वक कर रही हैं। इस अवसर पर श्रीमती बघेल को कर्मचारी हितैषी निर्णय एवं कुशल प्रबंधन के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एमएस.चौहान सीएल. नेताम, आर.के. श्रीवास, मुख्य अभियंता श्रीमती सरोज तिवारी, श्रीमती ज्योति ननोरे, महाप्रबंधक श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य, अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री पी.पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती कल्पना घाटे, अधीक्षण अभियंता श्रीमती चन्द्रकला गिडवानी, डीजीएम श्रीमती अल्पना शरत तिवारी, रश्मि वर्मा एवं अन्य महिला कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च को दृष्टिगत रखते हुए गृह पत्रिका संकल्प का अंक महिलाओं की उपलब्धि पर समर्पित किया गया है। महिला विशेषांक में पॉवर कंपनीज में सेवारत महिला अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा समाज एवं संस्थान में महिलाओं की भागीदारी का उल्लेख किया गया है। इसमें विद्युत महिला कर्मी संस्था के लिए पूंजी, रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिले तो निखरती है प्रतिभा, भयमुक्त वातावरण से बढ़ती है कार्यक्षमता, पोस्ट कोविड परिणाम और बचाव के उपाय तथा महिलाएं बढ़ रही है- अपना नाम गढ़ रही है, जैसे आलेख प्रमुखता से प्रकाशित किये गये हैं।

## दुर्ग | बालोद में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

महिला दिवस पर बालोद के संभागीय कार्यालय में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल. सहारे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हीराधर प्रसाद साहू ने की। इस कार्यक्रम में सहायक अभियंता श्री एच.के.यादव एवं धनेश्वरी नागवंशी, कनिष्ठ अभियंता श्री नीतू नागवंशी तथा शारदा साहू, दीपिका यदु, देमिन ठाकुर, एलियम्मा विसेंट, लिलेश्वरी ठाकुर, उमा ठाकुर, विंदा देवी नाग, कालिन्द्री बाई, भावना गौतम सहित कार्यालय के समस्त सदस्यगण उपस्थित थे।



# वर्ल्ड वुमन डे पर पॉवर कपंनी मुख्यालय में क्रिकेट स्पर्धा संपन्न




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कपंनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसके फाईनल मुकाबले में जनरेशन कंपनी विजेता एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी उपविजेता रही। स्पर्धा में कंपनी मुख्यालय में कार्यरत महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दी। क्रिकेट स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन. के बिजौरा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता प्रबंध निदेशक(होल्डिंग) श्रीमती उज्जवला बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग) श्री राजेश वर्मा एवं केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद के महासचिव व कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान उपस्थित थे। उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल स्पर्धा से आपसी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। साथ ही हम हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करने हेतु प्रेरित होते हैं। कपंनी के इस तरह के आयोजनों से कर्मियों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कंपनी में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है। पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ वे हर विधाओं में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिये, ताकि सभी को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिले।

दो दिवसीय महिला क्रिकेट स्पर्धा में महिला खिलाड़ियों ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। फाईनल मैच में जनरेशन कंपनी की स्नेहलता एक्का को ''प्लेयर आफ द मैच'', डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की यशोदा रौतिया को ''सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज'' एवं रीतिका पांडे को ''प्लेयर आफ द टूर्नामेंट'' के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री गोविंद पटेल एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा ने किया।

## जांजगीर | काव्य पाठ व संगीत से दिया नारी जागरूकता का संदेश




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के वर्किंग वूमन एसोसिएशन की अगुवाई में वर्ल्ड वूमन डे मनाया गया। कार्यक्रम में नारी जागरूकता, संगीत, काव्यपाठ, मनोरंजन एवं खेल का आयोजन हुआ। विद्युत संयंत्र परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में हुए कार्यक्रम में सीता कंवर, वंदना, दीपाली चंद्राकर और राखी तंबोली द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई। रमा पांडेय द्वारा सुनाई गई कविता को सबने सराहा। परिक्रमा साहू ने महिलाओं के बीच खेल का आयोजन कराया। कार्यक्रम का संचालन वंदना शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्युत संयंत्र के महिला कर्मचारी एवं अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# शख्सियत | भगवान महावीर के सिद्धांत व दर्शन का अध्ययन



**श्री राजू लहरी**
मुख्य अभियंता (सिविल)
जनरेशन कंपनी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में मुख्य अभियंता (सिविल) श्री राजू लहरी का जन्म छत्तीसगढ़ की ऊर्जानगरी कोरबा में हुआ। श्री लहरी इस ऊर्जाभूमि से पले-बढ़े और उन्हें प्रदेश के ऊर्जा विकास की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आपके पिता श्री एन. सी. लहरी पेशे से व्यवसायी रहे तथा माता श्रीमती उमा लहरी गृहणी रहीं। उनके कुशल संस्कारों और प्रेरणा से आपने कोरबा के ही ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की।

1982 में आपने जबलपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से बीई (सिविल) की उपाधि हासिल की।आपने अपने करियर की शुरूआत मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में 11 अप्रैल 1983 में स्नातक प्रशिक्षु के रूप में की। 1984 में आपको कोरबा में सहायक अभियंता के रूप में नियमित नियुक्ति प्राप्त हुई। तत्पश्चात् आपकी पदस्थापना बारसूर में की गई।

1989 में आपको हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम में पदस्थ किया गया। आपने 1995 में बिलासपुर में (ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन) की जिम्मेदारी भी पूरी की। आप केटीपीएस कोरबा पूर्व में 2001 से 2007 तक पदस्थ रहे। वर्ष 2007 में आपको कार्यपालन अभियंता (सिविल) पदोन्नत करते हुए डीएसपीएम कोरबा पूर्व में पदस्थ किया गया। वर्ष 2008 में डीएसपीएम कोरबा पूर्व की पद स्थापना के दौरान आपके कुशल नेतृत्व में सिविल संभाग को बेस्ट सिविल डिविजन" का आवार्ड तथा रू. 50,000/- का नकद ईनाम दिया गया था।

आपने 2013 से 2016 तक अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में भी सेवाएं दीं। 2017 में आपको अधीक्षण अभियंता तथा 2020 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। दोनों पदों पर आप हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पदस्थ रहे।

आपकी लगन और परिश्रम को देखते हुए 27 मार्च 2021 में आपको कंपनी प्रबंधन ने आपको मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति प्रदान की।कंपनी के दायित्वों के साथ आपने अपने परिवार को भी उच्च संस्कार के मापदंड दिये। आपकी पत्नी श्रीमती सपना लहरी एमएससी हैं। आपकी पुत्री व पुत्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक हुए। बिटिया नेहा लहरी आईआईटी कानपुर से अध्ययन के पश्चात् वर्तमान में गोल्डमेन सेस बैंक बैंगलोर में सेवारत हैं तथा आपके पुत्र सिद्धार्थ लहरी आईआईटी बाम्बे से अध्ययन के पश्चात् देशपांडे फाउंडेशन बैंगलोर में वाइस प्रेसिडेंट हैं।

आपने अपने जीवन में भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाया और उनके दर्शन के अध्ययन में विशेष रूचि ली। आपको जैन आगम साहित्य के साथ ही जैन तीर्थ स्थलों के पर्यटन में विशेष आकर्षण है।




# राजकीय गीत की प्रस्तुति के साथ मना महिला दिवस

मुख्य अभियंता(प्रशिक्षण) कोरबा पूर्व में वर्किंग वूमेन यूनिटि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. बंजारा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी बिजौरा की अध्यक्षता में मनाया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती बिजौरा ने सर्वप्रथम समस्त महिलाओं को शपथ दिलाईए साथ ही उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को सभी क्षेत्र में आगे आना आवश्यक है। राष्ट्र की समृद्धि के लिये महिलाओं का संविधान में दिये गये अधिकारों का उपयोग करना चाहिए इससे वे आगे बढ़ेंगे और उनके आत्म विश्वास में अभिवृद्धि होगी। वर्किंग वूमेन यूनिटि की अध्यक्ष श्रीमती मालती जोशी मुख्य रसायनज्ञ, संरक्षक श्रीमती अंजना कुजुर, उपसंरक्षक श्रीमती राजेश्वरी रावत, सचिव श्रीमती रश्मि उसेन्डी एवं उपसचिव श्रीमती विभा करनाल ने इस अवसर पर अपने विचार रखे। आयोजन में विभिन्न रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुति एवं विशिष्ट कार्य के लिये महिला अधिकारियों कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिको का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के महिला क्रिकेट टीम के सभी खिलाडियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट अतिथि श्रीमती स्वति रेगहे एवं अतिथि विशेष प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा,श्रीमती सोनिया बघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती अलका शर्मा श्रीमती अलका बंछोर, अति. मुख्य अभियंता श्रीमती अंजना कुजुर, श्री रजनिश जैन, श्री शैलेन्द्र शर्मा, श्रीमती राजेश्वरी रावत की आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा राठौर एवं आभार प्रदर्शन रश्मि उसेन्डी द्वारा किया गया।

## आशाना दिल्लीवार कथक में तृतीय



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्र्भ्बयूशन कंपनी में कार्यरत श्रीमती संध्या दिल्लीवार ,कार्यपालन अभियंता एवं श्री कमलेश कुमार दिल्लीवार (निर्देशक छ ग रा वि नि आ क) की सुपुत्री कु आशाना दिल्लीवार ने रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया म्यूजिक एवं डांस कॉम्पीटीशन 2022 में जूनियर वर्ग में कथक के एकल नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर पॉवर कंपनी के नाम को गौरवान्वित किया ।

# रायपुर | वित्त कार्यालय के सहा. प्रबंधक समेत तीन कर्मियों को दी गई विदाई

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के कार्यालय महाप्रबंधक (वित्त) में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें तीन कर्मियों को विदाई दी गई। सम्मान समारोह में वित्त कार्यालय के कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी, श्री एम एस चौहान, श्री आलोक सिंह एवं महाप्रबंधक श्री वाय बी जैन श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य विशेष रूप से उपस्थित थी।

इसमें सहायक प्रबंधक श्री प्रदीप सोनी, अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर पावर कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हुए । श्री राजन्ना रेड्डी ने पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से सेवा की शुरूआत करते हुए लगभग 42 वर्ष की सेवा पूर्ण की । इसी तरह कार्यपालक निदेशक (वित्त) छग स्टेट पावर जनरेशन कंपनी में दफ्तरी के पद पर कार्यरत श्री सुरेश बर्मन ने भी लगभग 39 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए ।



इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री जी के राठी, श्री ए.के. चन्द्राकर, श्री एस के शर्मा श्रीमती रीना जायसवाल उपमहाप्रबंधक श्री अजय शर्मा, श्री अनूप सेलट श्री योगेश्वर कोसरिया श्री सुधांशु नायक, श्री निशांत मुडेजा, श्री राजकुमार राठौर, श्री अलबर्ट कुजुर, श्री के मनोज, श्रीमती अनिमा, श्री राजेश तांती, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक श्री अरूण देवांगन तथा संयोजन सहायक प्रबंधक श्री एम आर सिलारे व डी के अग्रवाल एवं आशीष साहू ने किया ।

# डी.एस.पी.एम. से कर्मी सेवानिवृत्त



**कोरबा पूर्व** | डॉ.श्यामा प्रसाद ताप विद्युत गृह से अधीक्षण अभियंता श्री राजेन्द्र लकरा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री नेस्तोर एक्का एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री रामेश्वर प्रसाद देवांगन को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री शैलेन्द्र शर्मा, चंचल पैकरा, श्रीमती अंजलर कुजूर एवं श्रीमती राजेश्वरी रावत ने सेवानिवृत्तजनों को स्मृति चिन्ह, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। विदाई समारोह में अधीक्षण अभियंता एल.एल.सूर्यवंशी, आर.पी टंडन, आर.एन.पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री एस.पी. शुक्ला एवं संचालन सहायक अभियंता श्री दीपक साहू द्वारा किया गया।

# सात कर्मियों का भावभीनी विदाई



**बिलासपुर** | क्षेत्र से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में सर्वश्री वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ठाकुर अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी रामचरण लहरे, कार्या.सहा.श्रेणी-एक रामकुमार बैस, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण हरबंश शुक्ला ), लाईन सहा.श्रेणी-एक कामता दास मानिकपुरी, कृष्णराम सहा.श्रेणी-एक सूर्यवंशी लाईन, दफ्तरी कृष्णा प्रसाद साहू ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को जीवन के महत्वपूर्ण समय एवं कठिन परिश्रम पावर कंपनी के विकास में देने के लिए विद्युत कंपनी की ओर से उन्हें धन्यवाद दिया।

# प्रेरणा महिला मंडल द्वारा आनन्द मेला का आयोजन

प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व द्वारा आनन्द मेला का आयोजन 12 मार्च को किया गया । कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के.बिजौरा, श्रीमती कल्याणी बिजौरा एवं कार्यपालक निदेशक श्री एस.के.बंजारा विशेष रूप से उपस्थित थे। आनन्द मेला में कुल 14 विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाये गए, बच्चों द्वारा गेम भी रखे गए, सीनियर क्लब के ग्रुप द्वारा सुगम संगीतों की प्रस्तुति दी गई । आनन्द मेले का मुख्य आर्कषण का केन्द्र जादूगर सजल अग्रवाल ने बच्चों के साथ बड़ो को भी अपने जादू से अचम्भित किया। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल की उपाध्यक्ष नमिता पैकरा, अंजना कुजूर, ज्योति जैन, विभा कुरनाल, राजेश्वरी रावत, अलका शर्मा, प्रतिमा दत्ता, सचिव अनुसरना, सहसचिव स्नेहा राय, सुमित्रा साहू, सांस्कृतिक सचिव प्राची नामदेव,स्मिता शर्मा, क्रीडा सचिव सरस्वती नामदेव,वित्त सचिव पिंकी चतुर्वेदी, रेणुका साहू उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र साहू एवं रश्मि उसेन्डी ने किया।

# होल्डिंग कंपनी में श्री आर एस डहरिया एवं श्री सुनील जैन को दी गई विदाई



**बिलासपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के उप महाप्रबंधक मानव संसाधन - ।। श्री आर एस डहरिया को स्वैछिक सेवानिवृत्ति उपरांत महा अप्रैल मे विदाई दी गई। साथ ही ट्रांजिट हाउस नई दिल्ली में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री संजय जैन को भी भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन श्री मनोज खरे,अति मुख्य अभियंता श्री प्रदयुम पाण्डे ने श्री डहरिया व श्री जैन को शुभकामनाएं दी। इसअवसर पर विंग कमांडर श्रीनिवास राव व उप महाप्रबंधक श्री विनोद अग्रवाल सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए सिविल सहायक



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से अप्रैल माह में सिविल सहायक श्रेणी-एक श्री मंगल दास सेवानिवृत्ति हो गए। उन्हें पावर कंपनी परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया समेत विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री रामजी सिंह, आरजी देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया। तकनीकी भवन स्थित सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल को पॉवर कंपनी के हित में बताया।

## कर्मियों की सेवा व अनुभव की सराहना



**कोरबा**| हसदेव ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अभियंता श्री एसके कटियार ने कर्मियों के दीर्घ सेवाकाल और उनके अनुभव की सराहना की।

सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री लक्ष्मण सिंह सिदार, कनिष्ठ पर्यवेक्षक सर्वश्री राजकुमार यादव, जीवनलाल कश्यप, राजेंद्र प्रसाद साहू, डमरूधर नायक, रामाधीन देवांगन, प्रभुशंकर, चंद्रिका सिंह, लक्ष्मीनारायण राजवाड़े, हेतराम राठौर, डी वेंकट सहित अन्य कर्मचारियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री केके डोंगरे विशेष रूप से उपस्थिति थे।

कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री एस.एस. कंवर एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री एस.के.टेकाम द्वारा किया गया।

## दो अधिकारी एक कर्मचारी सेवा उपरान्त डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त

**कोरबा पूर्व** | डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व से अप्रैल 2022 में श्री हरिहर प्रसाद शर्मा, अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय), डॉ. आदित्य कुमार वाजपेई (अति. मुख्य चिकित्सा अधिकारी) एवं मंशाराम मरावी कनिष्ठ पर्यवेक्षक अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख श्री एस.के.बंजारा, कार्यपालक निदेशक, अति मुख्य अभियंता चंचल




पैकरा, अंजना कुजूर, रजनीश जैन, एवं कारखाना प्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा, अति मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.आर स्नेही, डॉ.एस.सी.खरे, ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को कार्यपालक निदेशक, श्री बंजारा द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण अभियंता एल.एन. सूर्यवंशी एवं संयोजन कार्यपालन अभियंता रेणुका तिर्की व आभार व्यक्त अधीक्षण अभियंता आर.पी. टंडन ने किया, कल्याण अधिकारी अजीत तिर्की उपस्थित रहें।

# हॉकी नेशनल के लिए पॉवर कंपनी की टीम घोषित




**रायपुर** | छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व्दारा अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम विजेता तथा रायपुर सेंट्रल की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने रायपुर सेंट्रल की टीम को 5-0 से एकतरफा शिकस्त दी। समापन समारोह में जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया।

पावर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन राजधानी रायपुर के सांइस कालेज स्थित हॉकी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम, मुख्य अभियंता श्री राजेंद्र प्रसाद विशेष रूप उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा ने किया। कार्यक्रम संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया। अखिल भारतीय अंतरराज्जीय विद्युत मंडल हॉकी स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने 30 खिलाड़ियों की चयन सूची जारी कर दी है।

**केन्द्रीय कार्यालय रायपुर से**

1. आवेदन कुजुर,
2. मंगल तिर्की,
3. अल्बर्ट कुजुर,
4. हशमत करीम,
5. बिरजू घोष,
6. शहनवाज सुल्तान,
7. प्रेम दौरिया,
8. विजय लकड़ा,

**कोरबा पश्चिम से**

9. अनिल मिंज,
10. अमित एक्का,
11. लव कौशिक,
12. अमन किशोर केरकेट्टा,
13. क्रिस्टपाल कुजुर,
14. बलराम यादव,
15. प्रवेश बखला,
16. दीपक क्षत्रवानी,

**अबिकापुर क्षेत्र से**

17. संजय एक्का,
18. संजय बेक,
19. अखिल मिंज,

**कोरबा पूर्व से**

20. अजय तिर्की,
21. सुशांत कटकवार,

**मड़वा से**

22. अलेक्जेंडर मिंज,
23. दिलीप तिग्गा,

**दुर्ग क्षेत्र से**

24. समीर साहू,
25. एम.आर.मूर्ति,
26. पुरूषोत्तम दुबे,

**राजनांदगांव क्षेत्र से**

27. अभिषेक नायडू,
28. सचिन खोब्रागढ़े।

## सूर्यभान पटेल को बेस्ट केचर का सम्मान



**कोरबा पश्चिम** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड कोरबा पश्चिम के तत्वावधान में दिनांक 22.03.22 से 24.03.22 तक अन्तरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से भी सम्मानित किया गया, जिसमें रायपुर सेन्ट्रल, की टीम में शामिल श्री सूर्यभान पटेल को ''बेस्ट केचर'' के लिए पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस हेतु उन्हें कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री एस.के. कटियार एवं अन्य ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## नेशनल मिक्सड नेटबाल स्पर्धा में छग को रजत



**मड़वा** | मड़वा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता एवं खिलाड़ी श्री ऐश्वर्य पाठक ने नई दिल्ली में 11 - 13 मार्च 2022 तक आयोजित चौथे सीनियर नेशनल मिक्सड नेटबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की टीम ने सिल्वर मेडल जीता है। छत्तीसगढ़ की टीम ने सिल्वर मेडल दूसरी बार अपने नाम किया है, इससे पहले वर्ष 2021 में भी टीम ने यह मेडल जीता था। खिलाड़ी ऐश्वर्य पाठक ने उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा एवं मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया से मुलाकात की।

## रजनीश टीटी में प्रथम, ट्रॉफी 3-1 से जीता



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र के खिलाड़ी श्री रजनीश ओबेराय ने मेन्स सिंगल में प्रथम स्थान एवं मेन्स डबल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दुर्ग क्षेत्र का नाम रोशन किया ।

मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने श्री रजनीश ओबेराय को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इनका चयन अखिल भारतीय विद्युत टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के लिए किया गया ।

यह प्रतियोगिता मडवा में 4 से 16 मार्च 2022 तक संपन्न किया गया । इस स्पर्धा में मेन्स सिंगल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजनीश ने बिलासपुर के समीर तिवारी को 3-1 से हराकर चैम्पियनशिप की ट्रॉफी जीता। मेन्स डबल में श्री रजनीश ओबेराय एवं श्री अशोक महेंद्रु रनर रहे। इस प्रतियोगिता में पॉवर कंपनी की सात टीमों ने हिस्सा लिया था। दुर्ग क्षेत्र की टीम में श्री ओबेराय सहित श्री दिलीप पाठक, श्री इन्दर सोनकर, श्री योगेश प्रसाद पटेल एवं श्री देवेन्द्र कुमार निर्मलकर शमिल थे।

## शक्तितोलन व शरीर सौष्ठव स्पर्धा में 5 पदक



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के तीन खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी शक्तितोलन एवं शरीर सौष्ठव स्पर्धा में पांच पदक अर्जित किये । विजयी खिलाड़ियों ने मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य अभियंता ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उच्च खेल भावना के साथ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। यह स्पर्धा 23 से 25 फरवरी तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व की मेजबानी मे संपन्न हुआ । अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह से शक्तितोलन एवं शरीर शौष्ठव वर्ग में बलराम वस्त्रकार ने स्वर्ण पदक, विनोद राठौड़ ने एक रजत एवं एक कांस्य पदक और कार्यालय सहायक श्रेणी-दो राजेश कसेर ने एक रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में बलराम वस्त्रकार के साथ टिकेश कुमार साहू, आरके पाटकर एवं नील कुमार साहू का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है।

## टेबल टेनिस स्पर्धा रायपुर ने बाजी मारी



अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के टीम इवेंट्स में रायपुर सेंट्रल की टीम ने बाजी मारकर प्रथम स्थान हासिल किया और द्वितीय स्थान पर रही कोरबा ईस्ट। इसी प्रकार पुरुष एकल प्रतियोगिता में दुर्ग के रजनीश ओबेरॉय विजेता रहेए और उपविजेता बिलासपुर के समीर तिवारी। महिला एकल प्रतियोगिता में रायपुर रीजन की कुमारी दिव्या आमदे ने खिताब जीता तो वही रायपुर सेंट्रल की श्रीमती श्रद्धा वर्मा उप विजेता रही। 8 पुरुष और 5 महिला खिलाड़ियों का चयन । प्मैब्ठ के लिए किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन के अवसर पर मडवा के मुख्य अभियंता श्री एसएम कोसरिया उपस्थित थे और तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता को श्री एस डी द्विवेदी( अधीक्षण अभियंता) श्री एनके इंगले कार्यपालन अभियंता और क्रीड़ा सचिव मडवा श्री दिनेश मेश्राम श्री हेमंत झाड़ी सफलतापूर्वक आयोजित किया।

## शक्तितोलक व शरीर सौष्ठव स्पर्धा प्रदर्शन






छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डंगनिया औषधालय में पदस्थ श्री लखपति सिंदूर ने कोरबा पूर्व में आयोजित शक्तितोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में 74 किलोग्राम वेट केटेगरी में भाग लेकर कुल 335 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त श्री सिंदूर ने 7.6 फीट की ऊंचाई वर्ग में भाग लेकर शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में तृतीय स्थान में ब्रांज मेडल प्राप्त कर पॉवर कंपनी का नाम गौरवान्वित किया।

कोरबा पूर्व में आयोजित अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलक एवं शरीर सौष्ठव स्पर्धा में राजनांदगांव क्षेत्र के श्री नील वर्मा एवं श्री उमेश वर्मा ने पदक जीत कर इस अंतरक्षेत्रीय प्रतियोगिता में राजनांदगांव क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी0के0 मेश्राम ने बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके प्रयासों को अत्यन्त सराहनीय बताया।

## कोरबा पूर्व | जागरूकता से हासिल होगा शून्य दुर्घटना का लक्ष्य : एस.के.बंजारा

**कोरबा** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का आयोजन 4 से 10 मार्च 2022 तक किया गया। राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चले कार्यक्रम का समापन कार्यपालक निदेशक श्री एस.के.बंजारा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर श्री बंजारा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संयंत्र एवं आवासों में स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं संरक्षा के प्रति सजग, सभी उपकरणों का उपयोग सुरक्षा नियमों का पालन करते हुये, शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही । इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पुरस्कृतजनों को सम्मानित भी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षु वर्ग में




श्वेता डहरिया को नारा एवं निबंध प्रतियोगिता में छबीलता डहरिया को पुरस्कृत किया गया।

श्री चंचल पैकरा ने सप्ताह भर चले राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अति.मुख्य अभियंता सर्वश्री चंचल पैकरा, शैलेन्द्र शर्मा, श्रीमती अंजना कुजुर, रजनीश जैन, श्रीमती राजेश्वरी रावत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती माया सिंह के व आभार प्रदर्शन श्री आर.पी.टंडन अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) द्वारा किया गया।

**नारा प्रतियोगिता (कार्मिक)**

| | |
|---|---|
| अनुराधा सिंह | प्रथम |
| घनश्याम साहू | द्वितीय |
| एच आर साहू | तृतीय |

**नारा प्रतियोगिता (ठेका श्रमिक)**

| | |
|---|---|
| रामचरण | प्रथम |

**निबंध प्रतियोगिता (कार्मिक)**

| | |
|---|---|
| घनश्याम साहू | प्रथम |
| आरती तिवार | द्वितीय |
| बबुली चैधरी | तृतीय |

कविता प्रतियोगिता

| | |
|---|---|
| विभाशु सिंह | प्रथम |
| पवन दास | द्वितीय |
| अशोक शुक्ला | तृतीय |

नारा प्रतियोगिता (ठेका श्रमिक)

| | |
|---|---|
| श्रीकांत गुप्ता | प्रथम |

**निबंध प्रतियोगिता (कार्मिक)**

| | |
|---|---|
| रामानंद कंवर | प्रथम |
| विरेन्द्र कुमार राठौर | द्वितीय |
| शिवप्रसाद आदित्य | तृतीय |

**कविता प्रतियोगिता**

| | |
|---|---|
| विजय राठौर | प्रथम |
| रवि कुमार साहू | द्वितीय |
| हर्षा | तृतीय |

## कोरबा पूर्व | सजगता से ही सुनिश्चित होगी सुरक्षा

**कोरबा पूर्व** | कोरबा पूर्व में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया इसमें कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल के मुख्य आतिथि, श्री पी.पी.कुजूर, अतुल कुमार तिर्की एवं सी.एस.रघुराम के विशिष्ट आतिथ्य एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री टी.पी.सिंह, श्री ए.एस. मरावी की उपस्थिति रही इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बघेल ने राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के अवसर पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सुरक्षा के प्रति हम सामूहिक प्रयास से ही सुरक्षित रह सकते हैं। कार्य प्रारंभ करते समय सभी सुरक्षा नियमों का पालन करें, सुरक्षा उपकरण धारण करें। उन्होने अपने उदबोधन में सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं का क्रमवार वर्णन किया तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा ठेका



श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर कार्य करने तथा सजग रहने के लिए आहवान किया।राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में निबंध एवं नारा संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से कर्मियों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने को कहा गया । प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। अग्नि शमन विभाग के कर्मचारियों को मॉकड्रिल के दौरान बहुत ही कम समय में आग पर नियत्रंण करने के लिए ट्राफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ए.एस.तोमर, पन्ना लाल साहू,मनोज मिश्रा, बी.पी.शर्मा, कमलेश निषाद, श्रीमती लीना कश्यप वरि.रसायनज्ञ, श्रीमती हेमलता नारंग, श्रीमती रिंकी राठौर, रंजनी मरावी सहित भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संयोजन श्री टी.पी. सिंह मुख्य संरक्षा अधिकारी, संचालन श्री एस.के.सोनी, वरि.मानचित्रकार ,आभार प्रदर्शन श्री अतुल कुमार तिर्की अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया।

**निबंध प्रतियोगिता**

| | |
|---|---|
| कु.जया शर्मा, | प्रथम |
| पवन कुमार साह | द्वितीय |
| घसियाराम चैहान | तृतीय |

**नारा प्रतियोगिता**

| | |
|---|---|
| आलोक चन्द शर्मा | प्रथम |
| रेशम लाल सारथी | द्वितीय |
| प्रमोद राठौर | तृतीय |

## ईडी पटेल ने दिए बकाया वसूली के निर्देश

बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल उपसंभाग कार्यालय सेंदरी के निरीक्षण में पहुंचे और अधिकारियों से विद्युत प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।श्री पटेल ने संचा./संधा. बिलासपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग कार्यालय एवं वितरण केन्द्र सेंदरी का औचक निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था संबंधी विस्तृत जानकारी लेकर उन्हे उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिये। कार्यपालक निदेशक द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं की सूची का अवलोकन किया गया तथा बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन तत्काल विच्छेद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही लोड़ सर्वे, मीटर रिप्लेसमेंट, त्वरित कनेक्शन एवं लॉस रिडक्शन हेतु उपकेन्द्रवार एवं वार्डवार क्रियान्वयन के सुझाव भी दिये।इस दौरान अधीक्षण अभियंता श्री एस.के. दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, सहायक अभियंता श्री हरीश कुर्रे उपस्थित थे।

## मड़वा- दैनिक जीवन में सुरक्षा संस्कृति को अपनाएंगे तो हम सुरक्षित रहेंगे: कोसरिया

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 04 से 10 मार्च तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया गया। राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने अपनी अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि दुर्घटनाएं और बीमारियां देश को दुर्बल बनाती हैं, इसलिए हमें दुर्घटनाओं से बचने के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों को अपनाना चाहिए। सुरक्षा संस्कृति को अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे तो हम सुरक्षित रहेंगे।




इसमें मॉकड्रिल, सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान, अग्नि सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता शामिल हैं। नारा एवं निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी संजय कुमार झा, बृजेश अग्रवाल, जयकृपाल यादव, अखिलेश एवं शुभम यादव को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संरक्षा अधिकारी विजय कुमार बर्मन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजाबाबू कोसरे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा व श्री रामजी सिंह, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह में अग्निनारा प्रतियोगिता में श्री जयकृपाल यादव को प्रथम, श्री अजय साहू को द्वितीय एवं सुश्री रति यादव को तृतीय स्थान मिला। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम श्री त्रिविद श्रीवास, द्वितीय श्री संजय झा और श्रीमती नेहा खरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अभियंता एवं अतिथियों के हाथों विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## कोरबा- अग्नि सुरक्षा विषय पर नारा प्रतियोगिता में शाहिद प्रथम

हसदेव ताप विद्युत गृह ने 51 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर 04 से 10 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता (उत्पा0) श्री एस. के. कटियार थे।




श्री कटियार ने लोगों को सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं शुन्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति करने की बात कही। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी एवं उपस्थिति की सराहना की एवं इसी प्रकार जागरुकता बढ़ाने की इच्छा जताई। अंत में सुरक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की एवं विजेताओं को बधाई दी।

नारा प्रतियोगिता अग्नि सुरक्षा विषय पर आयोजित की गई थी। अधिकारी वर्ग में मो. शाहिद खान प्रथम, के. डी. दीवान द्वितीय एवं दीपक ठाकुर तृतीय रहे। तकनीकी वर्ग में आर. के. जैस प्रथम, प्रदीप शर्मा द्वितीय एवं कृष्ण कुमार साहू तृतीय रहे। कार्यालयीन कर्मचारी वर्ग में श्रीराम साहू प्रथम, शोभाराम यदु द्वितीय एवं राजेश कुमार चौधरी तृतीय रहे। वहीं ठेका श्रमिक वर्ग में परदेशी लाल चन्द्रा प्रथम, अजय पनागर द्वितीय एवं ब्रिजेश कुशवाहा तृतीय रहे।

मोकड्रिल में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कु. भोरतारा भारद्वाज को पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अति. मुख्य अभियंता के.के. डोंगरे, श्री संजय शर्मा, श्री बी.पी. प्रसाद, श्री के.सी. अग्रवाल, श्री एस. क. सोनपूरे, श्री ऐके दत्ता, श्री ऐ.के. कुरनाल उपस्थिति थे।

## राजनांदगांव- लाइनकर्मियों के लिए "सेफ्टी परेड"

राजनांदगांव संभाग के अन्तर्गत अर्जुनी वितरण केन्द्र में सेफ्टी परेड का आयोजन कर लाइनकर्मियों को सतत् विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर अपने-अपने फील्ड में सुरक्षित ढंग से कार्य करने के टिप्स दिए गए। इस आयोजन के तहत विद्युत कर्मियों को विद्युत सुरक्षा एवं दुर्घटना से बचाव के विभिन्न उपायों को सुझाया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी (सेफ्टी ऑफिसर) श्री रंजीत घोष द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को



प्रदाय किये गये सुरक्षा उपकरणो की जांच की गई एवं लाइनकर्मियों को बताया गया कि लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

अर्जुनी वितरण केन्द्र में आयोजित इस सेफ्टी परेड में अधिकारियों ने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने विद्युत कर्मियों से कहा कि अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, टेस्टर, दस्तानें आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया।

# कर्मचारियों को सिखाया तनाव प्रबंधन कैसे करें



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह जांजगीर में 02 - 03 मार्च दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया के मार्गदर्शन पर किया गया।यह प्रशिक्षण कार्यशाला पावर कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर के आदेश पर दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के शिक्षाधिकारी श्री डीएस सहारे ने कर्मचारियों को सटीक तरीके से प्रशिक्षित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री संदीप श्रीवास्तव एवं अधीक्षण अभियंता श्री आरएस पैकरा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यपालन अभियंता श्री बीपी साहू एवं सहायक अभियंता श्री मनमोहन चंद्रा द्वारा किया गया।

# अधिकारियो संग मीटर रीडरों की बैठक



**बिलासपुर** | दर्री जोन व उपसंभाग कार्यालय सेंदरी कार्यालय में विभागीय अधिकारियों एवं मीटर रीड़रों के लिए आयोजित बैठक मे अधीक्षण अभियंता श्री सी.एम.बाजपेयी व कार्यपालन अभियंता श्री डी.के. विश्वकर्मा द्वारा निरीक्षण कर मीटर रीड़रों को नियमित तौर पर मीटर रीडिंग लेने, सही तरीके से मीटर रीड़िंग लेकर सैप माडयूल में प्रविष्टि कराने को कहा गया। दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के बकाया राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। यह बैठक कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल के दिशा निर्देश में किया गया। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्रीमती माधुरी पटेल, श्री हरीश कुर्रे ,कनिष्ठ अभियंता द्वय स्नेहलता टोप्पो, श्रीमती चित्रांगदा राही ,श्री भगत राम कंवर, क्षेत्र के मीटर रीडर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# 10 करोड़ की बकाया राजस्व वसूली



**दुर्ग** | क्षेत्र में बकाया राजस्व वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में एक महिने में 12261 निम्नदाब उपभोक्ताओं से 09 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। 7478 निम्नदाब उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिये गये। यह अभियान दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकार के दिशा-निर्देश में किया जा रहा हैं।

अधीक्षण अभियंता(वृत्त) श्री ए.के.गौराहा ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान लक्ष्य पूर्ति के अनुरूप निरंतर जारी रहेगा।

# मिस्ड काल से पहला कनेक्शन दुर्ग में दिया गया

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की मिस्ड काल से नए बिजली कनेक्शन योजना में पहला कनेक्शन दुर्ग में दिया गया। मोबाइल नंबर 74040-40625 पर 1 मार्च 2022 से यह सुविधा शुरू की गई । इस सुविधा के तहत दुर्ग क्षेत्र के नेहरु नगर जोन में पहला कनेक्शन श्री तामेश्वर साहू को प्रदान किया गया। इस संबंध में दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि प्रबंधन ने आनलाइन नए बिजली कनेक्शन के लिए प्रावधान किये हैं, जिसमें उपभोक्ता को बिजली दफ्तर जाए बिना ही आवेदन की सुविधा मिलेगी। इंटरनेट पर आनलाइन तथा मोर बिजली एप के जरिए अपने मोबाइल से उपभोक्ता आवेदन कर सकेंगे, परंतु जिन उपभोक्ताओं को आनलाइन आवेदन करने में किसी तरह की समस्या होगी, वे 74040-40625 पर मिस्ड काल करके लाभ ले रहे हैं।

# अच्छी सेहत व कार्यकुशलता के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन को दें महत्व



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में सात्विक पद्धति द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्युतकर्मियों ने स्वास्थ्य प्रबंधन के लाभ तथा दैनंदिनी व्यस्ताओं के बीच इसे अपनाने के कई सरल उपायों के बारे में जाना। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान , रायपुर में ग्यारह अप्रैल को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री डी एस भगत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को सेहतमंद बने रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना पहली आवश्यकता है। इस हेतु प्रकृति संस्कृति से जुड़कर मनोहारी शौक को अपने भीतर बनाए रखने पर बल दिया। श्री भगत ने कहा कि आने वाले कल की चिंता की बजाए वर्तमान पल को बेहतर बनाने की सोच हमें सदैव कार्यस्थल पर सफल बनाएगी और हम निरोगी काया के मालिक बने रहेंगे। उन्होंने अच्छी सेहत और कार्यकुशलता के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन की दिशा में प्रयास किए जाने का आग्रह किया।

प्रमुख प्रशिक्षक डॉ सीताराम साहू ने अधिकारियों. कर्मचारियों को दौड़भाग और व्यस्तताओं के बीच खान.पान तथा जीवनचर्या में थोड़े बदलाव से अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त कैसे करें इस विषय अपने दीर्घ चिकित्सकीय अनुभवों के आधार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज लोग सबसे अधिक उच्च रक्तचाप, डायबिटिज तथा लीवर संबंधी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। इनसे बचने के उपायों के तहत विपश्यना ध्यान, आहार संतुलन, योग तथा प्राकृतिक जीवन चर्या को उन्होंने सबसे अचूक माध्यम बताया। श्री साहू ने बताया कि हमारे भोजन में पोषक के साथ ही शोधक तत्वों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने हिन्दी वर्णमाला के अ से (अपच) और क से (कब्ज) का उल्लेख कर रोचकता से बीमारी की शुरूआत इन दोनों कारकों को बताया।

प्रदेशभर से लगभग 35 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का भी श्री साहू ने समाधान किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ध्यान के प्रयोग भी कराए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपयोगी तथा सार्थक बताया।

---

# शिविर में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का हुआ निराकरण

**बिलासपुर** | बिजली संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत काठाकोनी, गनियारी एवं नगोई में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में त्रुटिपूर्ण बिजली बिल के सुधार तथा अन्य शिकायतों का निराकरण स्थल पर ही किया गया। तिफरा जोन एवं उपसंभाग सकरी के उपभोक्ताओं से बिजली बिल व विद्युत संबंधी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हुआ। विशेषकर बिजली बिल सुधार के कार्य मौके पर ही किए गए। शिविर में बकायादार उपभोक्ताओं द्वारा बकाया विद्युत




देयक का भुगतान भी किया गया है। नगोई के शिविर में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हे तत्काल ही निराकृत कर दिया गया है। काठाकोनी के 20 शिकायतों में से 19 निराकृत हुए तथा गनियारी में कुल 5 आवेदन प्राप्त हुये थे जिनमें से 4 का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया है। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिक से अधिक स्थानों पर शिविर का आयोजन करें। कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, सहायक अभियंता श्री मनीष ठाकुर, गनियारी में सहायक अभियंता श्री संतोष कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता श्री हरिनारायण लहरी, श्रीमती आशा सोनवानी एवं विभाग के अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# सुगम संगीत-गायन वादन स्पर्धा के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में अंतर क्षेत्रीय सुगम संगीत-गायन वादन एवं काव्य पाठ स्पर्धा 31 मार्च 22 को संपन्न हुई। स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) एवं केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री एस.डी. तेलंग, केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस.चौहान, क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ0 हेमन्त सचदेवा एवं श्री क्रीड़ा परिषद के कार्यालय सचिव श्री आनंद मोखरीवाले ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि गीत-संगीत एवं काव्यपाठ सभी के जीवन में महान भूमिका निभाता है। यह हमें खाली समय में व्यस्त रखते हुए शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देता है। स्पर्धा में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर,कोरबा पश्चिम, कोरबा पूर्व, मड़वा के प्रतिभागियों



ने अपनी-अपनी गीत-संगीत कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें पुरूष वर्ग में फिल्मी गायन के लिए सर्वश्री सत्यनारायण श्रीवास (बिलासपुर) अजरूद्दीन सिद्दीकी (रायपुर क्षेत्र) फिल्मी गायन महिला वर्ग में सीता कंवर (मड़वा) माणिक वर्मा दुर्ग, गैर फिल्मी गायन पुरूष वर्ग में अनिल बिडवईकर (रायपुर सेन्ट्रल) सतीश यदु मड़वा, गैर फिल्मी गायन महिला वर्ग में सीता कंवर (मड़वा) प्राची वर्मा (रायपुर क्षेत्र) स्वर वाद्य वादन में तेजूराम नेताम (रायपुर क्षेत्र) शिवप्रसाद मंडावी (दुर्ग) ताल वाद्य वादन में अनिल बिड़वईकर (रायपुर सेन्ट्रल) ,विवेक कुमार (मड़वा) पुरूष वर्ग के स्वरचित काव्य में अजय कुमार साहू (मड़वा) रशीद खान (कोरबा) स्वरचित काव्य के महिला वर्ग में डॉ0 मंजुला साहू (कोरबा पश्चिम) अर्चना जोशी (रायपुर सेन्ट्रल) को पुरस्कृत किया गया। स्पर्धा के निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के प्रोफेसर श्री दीपक बेडेकर ने किया।

स्पर्धा के सफल आयोजन में श्री कमल मुखर्जी (तबला वादक) एवं श्री एम.एल. पाल (हारमोनियम) ने अपनी संगत देकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## मुख्यमंत्री ने किया किताब का विमोचन



**रायपुर** | मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 22 मार्च को विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री श्री धनेंद्र साहू द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिए गए वक्तव्यों पर आधारित 'सदन में धनेंद्र साहू' किताब का विमोचन किया। इसके संपादक गोविन्द पटेल हैं। श्री पटेल पॉवर होल्डिंग कंपनी में प्रबंधक (जनसंपर्क) के पद पर कार्यरत हैं।श्री धनेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया कि इस किताब में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्ष 2014 से 2018 तक किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाओं का संकलन किया गया है। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर, श्री सोमेश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।श्री पटेल ने इसके पूर्व पांच और किताबें लिखी हैं, जिनमें टमाटर की बंपर पैदावार, बढ़ती लागत घटता मुनाफा, तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दानें, छत्तीसगढ़ को तंदरूस्त बना सकती है भाजी और छै कोरी छै आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा शामिल है। वे पूर्व में दैनिक भास्कर में 12 साल पत्रकार रहे हैं। उन्हें राज्योत्सव 2009 में सरकार द्वारा चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता अलंकरण से सम्मानित किया जा चुका है।

## दुर्ग रीजन के प्रतिभागियों का उम्दा प्रदर्शन



**दुर्ग** | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज अंतर क्षेत्रीय सुगम-संगीत एवं स्वरचित काव्य प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन की टीम के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुर्ग रीजन को गौरान्वित किया है। प्रतियोगिता में श्रीमती माणिक वर्मा ने फिल्मी गायन में अलग ही समां बांध दिया वो द्वितीय एवं वादन प्रतियोगिता में श्री शिव प्रसाद मंडावी ने बांसुरी वादन कर सबका मन मोह लिया उन्होनें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

इस स्पर्धा में फिल्मी गायन वर्ग में श्री देवाशीष महापात्रा, श्री सुभाष प्रधान, श्रीमती माणिक वर्मा एवं श्रीमती रमणी राजेन्द्रन, गैर फिल्मी वर्ग में श्री दिलीप पाठक, श्री सुधाशु प्रधान, श्रीमती जागृति साहू एवं कु.मोनिका शर्मा, काव्यपाठ वर्ग में श्री सुधीर ताम्रकर, श्री शिवेन्द्र केशव दुबे, कु.चंचल मिश्रा एवं कु.मोनिका शर्मा तथा वादन वर्ग में श्री शिव प्रसाद मंडावी, श्री मनीष चंद्रवंशी, श्री दिलीप पाठक, श्री देवाशीष महापात्रा एवं श्रीमती माणिक वर्मा ने भाग लिया।

# आदिम युग की शुरुआत



एक सुबह 6 अगस्त 1945
लिटिल बॉय ने
हिरोशिमा पर कहर ढाया था
एक सुबह 9 अगस्त 1945
फैट मैन ने
नागासाकी को आग से नहलाया था
लाखों लोगों की राख से
बिखर गए थे सपने
बचे हुओं को काली बारिश ने
अपाहिज बनाया था
आज भी विकिरण को
बाकी लोग झेल रहे हैं
बरसों गुजर गए फिर भी
राहत की राह देख रहे हैं
उस धरती पर बरसों बाद
एक कोपल खिली
पत्तियां थिरकीं
आसमान देख चहकीं
बूढ़े कांपते हाथों ने मिट्टी से
खींच कर उसे निकाला
छोटी सी मूली को दाँतों से दबाया
चरपरा तीखा स्वाद
मुंह में उतरता चला गया
खुशी के आंसुओं ने झुर्रियों से भरे
कपोलों को भिगो दिया
दो कांपते बूढ़े हाथ ऊपर वाले का
शुक्रिया अदा कर रहे थे
साक्षात शिव भी जैसे धरती को
सजदा कर रहे थे
आज फिर से शहरों का जलना जारी है
तबाही का मंजर तारी है
लोंगों के हुजूम लाचार, बेहाल
भूख,नींद और मौसम की मार
झेल रहे हैं
मूक जानवरों की तकलीफें उनके
लाचार चेहरे बयां कर रहे हैं
कहाँ तो सुख का बिस्तर था
कहाँ टेन्ट में जिन्दगी काट रहे हैं
क्या फिर एटम बमों का क़हर बरपेगा
फिर मानवता शर्मशार होगी
जमीन के टुकड़ों को लेकर
जिन्दगी तार तार होगी
कौन किसको उँगली पकड कर चलाये
यही झगडे बाकी रह गए हैं
कोरोना ने हमारी क्षण भंगुरता बतला दी
फिर भी संसाधनों पर मर रहे हैं
द्वीपों क़बीलो में दुनियां बंट जाना है
रहना सब अपने टापूओं पर
आदिम युग में चले जाना है
ढूंढना फिर कोई कोपल
चरपरी मूली का तीखा सा स्वाद
कहीं कोई छोटा सा पौधा
कहीं खिली थोडी सी घास
खाने की भीषण किल्लत
सोने के लिये एक आसरा
लाकरों में रखा सोना
म्युचूअल फंड में रखा पैसा
अधूरी रह जायेगी कैसी.कैसी आस
सुबह की भागदौड़,शाम की थकन
चाय की चुस्की, घर वालों की झिड़की
बचे रहे तो मिलेंगे, वरना सपने सिर्फ
खुली आंखों में सिमट कर रह जायेंगे
शिव का तांडव, धरती का विलाप
अभी बाकी है, एक बार फिर सोच लो
हाहाकार करती, करवट बदलती धरती
समुंदर में तैरते टापूओं की दुनियां
मे बदल जायेगी
फिर लम्बे रास्तों में
जंगल के ऊंचे पेड़ों के बीच
गुज़रने के रोमांच की चाह
टीस बनकर ही रह जायेगी
सम्हल जाओ
संप्रभुता की चाह लिये लोंगों
सबको अपनी आज़ादी में जीने दो
प्यार, मुहब्बत, नेह की बातें करो
दोस्ती, वफ़ा, यारी की बाहें पसारो
अभी भी वक़्त है गले मिल जाओ
इस खूबसूरत दुनियां को भीषण
तबाही से बचाओ
इस खूबसूरत दुनियां को भीषण
तबाही से बचाओ

**डॉ. हेमलता तिवारी**
कार्यालय सहायक श्रेणी एक
कार्यालय कार्यपालक निदेशक
(सिविल)
छ रा वि वि कं लिमि रायपुर

# मैं ... इंसान न बन पाया ...!!!

मैं ... इन्सान न बन पाया ...
चार जमातें
दांव-पेंचों की
पढ़ ली
बन बैठा नवाब
सत्तानसीं होते ही
जाग उठे सारे ख्वाब
मजहबी उन्माद का कुचक्र रच
रक्त समन्दर में नहा आया
मैं ... इन्सान न बन पाया ...

अहिल्या, सीता
द्रौपदी से
फूलन, निर्भया
के संताप में
शून्य अन्तर
भद्र मनुष्य
हर युग का
चुभोते रहा
त्रासदी
का नश्तर
खोखले आदर्शों का ढांचा
हृदय में धंसी फांस
निकाल न पाया
मैं ... इन्सान न बन पाया ...

रिश्तों की महीन डोर
अपेक्षा के भार से
टूट जाती है
नातों की पकड़
यथार्थ के घर्षण से
छूट जाती है
गिराता रहा,
पर गिरा जो
नजरों से अपनी
कभी उठ न पाया
मैं इन्सान न बन पाया ...

कितनी महारत
हासिल
भेद छुपाने
औरों का उघारने
खुदी में मगन,
बखत कहाँ
किसी जखम में मलहम लगाने
साध लिया जग सारा
दो पैरों के जनावर को
साध न पाया
मैं ... इन्सान न बन पाया ...

बदलता रहा
मुखाटे पे मुखौटा
छुपाता रहा
जज्बात वो
घिनौना खोटा
जीता रहा ! बड़े ठाठ से
मुरदे की तरह
अपना जमीर
दूर दफन कर आया
मैं इन्सान न बन पाया .....

बदी का हश्र देख
काश ! सीख पाता नादान
बो रहा बीज बबूल का
स्तब्ध है भगवान
भावी नसल की विरासत में
तृष्णा का हाहाकार छोड़ आया
मैं ... इन्सान न बन पाया ...

**अजय साहू**
अटल बिहारी बाजपेयी
ताप विद्युत संयंत्र मड़वा



# हां मैं एक स्त्री हूँ

हां मैं एक स्त्री हूँ
सहनशीलता से भरी
मन में दयालुता लिए
मन में अपार प्रेम से भरी
सब के हित का सोचने वाली
मन में बहुत से अरमान लिए
आसमान को
छूने की इच्छा रखने वाली
अपनी रक्षा की जिम्मेदारी
स्वयं रखने वाली
जरुरत होने पर
काली का रूप भी लेने वाली
विषम परिस्थिति आने पर क्रोध
गुस्सा भी दर्शाने वाली
हाँ मैं एक स्त्री हूँ
मुझे गर्व है स्वयं पर कि
हां मै एक स्त्री हूँ
स्वयं के विचार!

**आकांक्षा नागरिया**
सहायक अभियंता (सिविल)
कार्यालय .कार्यपालक निदेशक

# शुभ-मंगलम्

## मेधा संग आशीष




▪ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के छावनी डीसी कार्यलय में कार्यरत श्री लवकेशवर पूरी गोस्वामी (कार्यालय सहायक श्रेणी 2 ) की सुपुत्री सौ. का. मेधा का शुभ विवाह श्री कृष्णा गोस्वामी के सुपुत्र चि. आशीष गोस्वामी के साथ 16 फरवरी 2022 को मां लक्ष्मी मैरिज पैलेस भिलाई 3 में सोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ! बधाई...

## आशीष संग रिंकी



▪ अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के कार्यालय मुख्य अभियंता (उत्पा.) में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्री सच्चिदानंद पटनायक के सुपुत्र चि. आशीष (शिवेंद्र) का विवाह जशपुर (बगीचा) में शिक्षा विभाग में कार्यरत उच्च श्रेणी लिपिक श्री विनोद कुमार पटनायक की सुपुत्री सौ. कां. रिंकी (मंजू) के संग दिनांक 10/04/22 को कोतबा, जशपुर में सम्पन्न हुआ। बधाई...

## प्रवीण संग भारती



▪ अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में पदस्थ चिकित्साधिकारी डॉ . प्रवीण कुमार पटेल का विवाह रायपुर निवासी व्यावसायी श्री बाबूलाल पटेल की सुपुत्री सौ.कां. डॉ. भारती पटेल के संग 14 अप्रैल 2022 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। सरायपाली निवासी डॉ. श्री पटेल के पिता श्री विजयनाथ पटेल प्रधान पाठक हैं। बधाई...

# हमारे गौरव

## ▪ अनिरूद्ध इंगले को गोल्ड मेडल



जांजगीर - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री एनके इंगले के सुपुत्र अनिरूद्ध इंगले को आईआईटी बीएचयू वाराणसी से गोल्ड मेडल अवार्ड मिला। अनिरूद्ध ने आईआईटी बीएचयू से मटेरियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पांच वर्षीय ड्यूल डिग्री प्रोग्राम बीटेक-एमटेक की डिग्री में प्रथम स्थान प्राप्त कर पॉवर कंपनीज परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार एवं गुरूजनों को दिया है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## ▪ निखिल कुमार ने गेट 2022 में प्रथम



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री एन.साहा एवं गृहिणी श्रीमती दीपा साहा के सुपुत्र निखिल कुमार ने गेट 2022 में मैकेनिकल ब्रांच में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर पॉवर कंपनी को गौरवान्वित किया है। निखिल आईआईटी भुवनेश्वर से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम ड्यूल डिग्री बीटेक-एमटेक के 10 वें सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं।

उन्हें बचपन से ही बैडमिंटन खेलने का शौक है। निखिल भविष्य में छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के इच्छुक हैं। उनकी सफलता पर उन्हें बधाई।

## ▪ आयुष झारिया राज्य में 62 वीं रैंक अर्जित की



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक ( वि थि ) कार्यालय में कार्यरत श्री अजय कुमार झारिया कार्यालय सहायक श्रेणी एक के सुपुत्र आयुष कुमार झारिया ने साथ ही प्रथम प्रयास में ऑल इण्डिया नीट 2021 में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के एमबीबीएस में 62 वीं रैंक अर्जित की। एवं उन्हें स्व श्री लखी राम अग्रवाल मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ छ ग में प्रवेश मिला है । इसके पूर्व वर्ष 2018 में सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम से कक्षा 10 वी में 91 प्रतिशत एवं वर्ष 2020 कक्षा 12 वी विज्ञान संकाय में 92 प्रतिशत अंक अर्जित किया है ।

## ▪ दानिश अजीम का चयन पीडब्ल्यूडी में



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में पदस्थ निज सचिव श्री इकरामुल अजीम के सुपुत्र श्री दानिश इकराम अजीम की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में उपअभियंता (सिविल) के पद पर हुई है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की संयुक्त भर्ती परीक्षा में प्रावीण्य सूची के आधार पर श्री अजीम की नियुक्ति उपअभियंता के पद पर हुई है। उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं, बधाई......



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# उच्च मनोबल से हो रहा नई चुनौतियों का समाधान

**क्षिति जल पावक गगन समीरा,**
**पंच रचित यह अधम सरीरा।।**

हमारे प्राचीन ग्रंथों में यह मान्यता प्रचलित है, लेकिन आधुनिक युग में इसमें एक और तत्व जोड़ने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, वह है बिजली। तकनीक के इस युग में बिजली की आवश्यकता दैनिक जीवन में बहुत अधिक बढ़ गई है। ऐसे में पलभर भी बिजली न रहे तो लगता है कि दुनिया थम जाएगी। आम आदमी से लेकर खास आदमी तक सबके जीवन में बिजली की भूमिका अनिवार्य हो गई है। यह मानवीय कार्यों को सुविधाजनक बनाता है। ऐसे में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना पॉवर कंपनी के लिए चुनौतिपूर्ण कार्य है। चाहे जनरेशन कंपनी हो या ट्रांसमिशन या फिर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी। तीनों के तालमेल से पॉवर कंपनी प्रदेश के 59 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति कर रही है।

बीते महीने तीनों कंपनी के लिए परीक्षा की घड़ी रही। लगातार गर्मी बढ़ने से जहां विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा। कोरोना काल में जिन उद्योगों की रफ्तार कुछ धीमें पड़ी थी, वे उद्योग पूरी क्षमता से चल रहे हैं। लिहाजा बिजली की डिमांड रिकार्ड 5300 मेगावाट तक पहुंच गई। इस अधिकतम डिमांड की आपूर्ति के लिए पॉवर जनरेशन कंपनी ने बेहतर तालमेल के साथ चुनौती पूरी की। आने वाले समय में यह डिमांड और बढ़ने की संभावना है। पॉवर कंपनी ने हर स्तर पर अपनी वितरण क्षमता का विस्तार किया है। इसके तहत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने 74 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किये गए। साथ ही 45 पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई। इन सभी चुनौतियों के बीच उपभोक्ताओं को 24 घंटे सातों दिन निरंतर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

इस बीच ट्रांसमिशन कंपनी के सामने एक और चुनौती खड़ी हो गई, जब दुर्गम वन क्षेत्र पखांजूर-भानुप्रतापपुर के 132 केवीए ईएचटी लाइन के दो विशाल टॉवर गिर गए। जंगल में आग लगने के कारण एक विशाल पेड़ लाइन में गिर गया, जिससे 60 फीट ऊंचे टॉवर गिर गए। जिसे मुख्यालय से लेकर भिलाई वर्कशॉप और जगदलपुर की टीम ने बेहतर तालमेल के साथ रिकार्ड समय में दुरूस्त किया। पावर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने इस कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी आधुनिक युग में अपना महत्व समझते हुए पूरे मनोबल के साथ कार्य में जुटे हैं। क्षिति जल पावक गगन समीरा के बिना मानव जीवन संभव नहीं है, उसी तरह बिना बिजली के मानव का विकास संभव नहीं है।






**गोविंद पटेल**
**प्रबंधक (जनसंपर्क)**
98931-72336



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी, डंगनिया, रायपुर**
Phone : 0771-2574702 | Website: www.cspc.co.in


Design : dhaneshdiwakar@gmail.com